पटना में पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ का नकली सरसों तेल किया बरामद, फैक्ट्री मालिक गिरफ्तार

पटना। राजधानी के मालसलामी थाने की पुलिस ने बुधवार की देर रात मंसूरगंज इलाके में छापेमारी कर ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली खाद्य तेल तैयार करने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। जब्त नकली खाद्य तेल की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए बताई गई है। हालांकि आकलन अभी पूरा नहीं हुआ है। गोदाम से भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर, बोतल, ढक्कन समेत अन्य उपकरणों को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने नकली तेल का कारोबार करने वाले संचालक संजय कुमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यहां गोदाम में ब्रांडेड के नाम पर नकली तेल का निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। इसे तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा था। जिससे कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा था, जबकि उपभोक्ता ठगे जा रहे थे। कंपनी के प्रतिनिधि टोटन चक्रवर्ती ने डीआईजी सह एसएसपी से शिकायत की थी। कंपनी के अधिकारी बताया कि अवैध धंधेबाज द्वारा ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली तेल का निर्माण कर उसे बाजारों में बेचने का काम किया जा रहा था। कंपनी के अधिकारी की मानें तो बरामद तेल की कीमत लगभग एक करोड़ के आसपास है। मौके पर मौजूद माल सलामी थाने के दारोगा संजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन होगा। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए संचालक संजय कुमार से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल कर कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने 15 लीट का टीना, पांच लीटर और एक लीटर वाले तेल के डिब्बे बरामद हुए। यह बिल्कुल ब्रांडेड कंपनियों के खाद्य तेल के डिब्बों के तरह ही दिखते थे। अडानी कंपनी के अधिकारी टोटन चक्रवर्ती की शिकायत पर पुलिस ने सारा नकली खाद्य तेल तब कर लिया और आरोपी फैक्ट्री मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर कम्पनी के अधिकारी टोटन चक्रवर्ती ने बताया कि हमलोगों को सूचना मिल रही थी हमारी कंपनी के टैग का इस्तेमाल कर नकली तेल बाजार में बेचे जा रहे थे। जांच में पता चला कि करीब तीन साल से यह कारोबार फल-फूल रहा था। करोड़ो रूपये के नकली सरसों तेल की बरामदगी की गई है। साथ ही क़ई अन्य ब्रांड के नकली सरसो तेल के रैपर, डब्बे और अन्य सामान की भी बरामदगी हुई। मालसलामी थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूचना के आलोक में छापेमारी की गई। इसमें नकली सरसों तेल बनानी वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

Source: https://www.amritvarshanews.in/fake-mustard-oil-recovered/